<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>खमरिया ग्राम में दो किसान चौपाल आयोजित</u>

पंतनगर। 25 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान–भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम बिसनपुरी एवं रमपुरागोटिया (खमरिया) में दो किसान चौपालों का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन, परियोजना अधिकारी, अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, डा. सी.बी. सिंह द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी ने सभी गो–पालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन के साथ–साथ पशु प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए परियोजना के उददेश्य एवं परियोजना से पशुपालकों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी।

किसान चौपाल के दौरान गो–पालकों की समस्याओं के समाधान के साथ–साथ 12 बछियों का स्वास्थ्य निरीक्षण कर उपचार दिया गया। बछियों का स्वास्थ्य निरीक्षण, डा. संजय चौधरी द्वारा किया गया। किसान चौपाल में परियोजना अधिकारी, डा. चन्द्र भान सिंह ने परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। परियोजना टीम के सदस्यों द्वारा पशुपालकों को सम्बोधित करते हुए पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने के लिए पशुपालकों का आह्वान किया गया। गो–पालकों का पंजीकरण एवं धन्यवाद प्रस्ताव वरिष्ठ शोध अध्येता, श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। शिविर में कुल 61 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में गो–पालकों को जानकारी प्रदान करते वैज्ञानिक।